**उत्तर प्रदेश सरकार**
**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**
**19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,**
**लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001**

# सूचना

## उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025

### ऑनलाइन आवेदन पत्र के शुल्क भुगतान के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचना

संख्याःपीआरपीबी–बी(उप निरीक्षक संवर्ग)–03/2025 दिनांकः सितम्बर 13 ,2025

उप निरीक्षक ना0पु0 एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 के अन्तर्गत अभ्यर्थियों से विज्ञप्ति/सूचना संख्याः पीआरपीबी–बी(उप निरीक्षक संवर्ग) 03/2025 दिनांक 12.08.2025 द्वारा दिनांक 12.08.2025 से 11.09.2025 तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

2– अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न स्त्रोतों से बोर्ड के संज्ञान में लाया गया है कि उनके द्वारा आवेदन शुल्क के भुगतान के प्रयास किये गये है किन्तु आवेदन शुल्क का भुगतान तकनीकी कारणों से नहीं हो सका है। इन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन शुल्क भुगतान किये जाने का अवसर प्रदान किये जाने का आग्रह किया गया है।

3– इन आग्रहों के दृष्टिगत, ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा आवेदन शुल्क के भुगतान के प्रयास किये गये हैं किन्तु आवेदन शुल्क का भुगतान तकनीकी कारणों से नहीं हो सका हैं। ऐसे अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु आवेदन शुल्क के भुगतान किये जाने हेतु **दिनांकः13.09.2025 को सांय 06:00 बजे से दिनांक 15.09.2025 को प्रातः 6:00 बजे** तक **मात्र एक अवसर** प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

4– अभ्यर्थी द्वारा बोर्ड की वेबसाइट–https://uppbpb.gov.in/ पर इस निमित्त दिए गये लिंक https://apply.upprpb.in पर जाकर रजिस्टर्ड एकाउण्ट क्रेडेंशियल अथवा आधार आईडी अथवा डिजीलॉकर के माध्यम से अपने एकाउण्ट में लॉगिन करके आवेदन शुल्क का भुगतान कर सकते हैं।

5– ऑनलाइन आवेदन पत्र शुल्क के भुगतान करने में आ रही किसी भी समस्या के निराकरण हेतु अभ्यर्थी हेल्प लाइन नम्बर -1800 9110 005 पर प्रातः 10 बजे से सांय 7 बजे के मध्य सम्पर्क कर सकते हैं।

अपर सचिव (भर्ती)
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।